समाचार सार

पानी पाइप को तोड़े जाने पर महिलाएं पहुंची थाने

संसू, जागरण ● ब्रजराजनगर : नगर के वार्ड संख्या 19 के गणेशनगर के मुंडापाड़ा में पेयजल का संकट देखा जा रहा है। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा पेयजल वितरण के लिए बिछाए गए पाइप को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ दिए जाने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। दो दिनों तक पानी के लिए परेशान होने के बाद सोमवार को इलाके की महिलाओं ने विभागीय अधिकारियों को शिकायत करने व टूटे हुए पाइप की अविलंब मरम्मत करने की मांग करने के उपरांत सदर थाना पहुंची तथा यहां एक पाइप तोड़ने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। मुंडापाड़ा में करीब 50 परिवार रहते है तथा इलाके में कोई नलकूप न होने की वजह से वे पेयजल के लिए जन स्वास्थ्य विभाग पर निर्भर करते है, लेकिन लगातार दो दिनों तक पानी न मिलने से हालत गंभीर हो गई व उन्होंने पाइप तोड़ने वाले अपराधियों को शीघ्र दबोच कर उनके विरोध में कड़ी कार्रवाई करने की मांग सदर थाने में की है।

मांडिया खेती को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

संसू, जागरण ● ब्रजराजनगर : लखनपुर ब्लाक की सुनारी पंचायत के बिसिपाली गांव में श्रीअन्न अभियान प्रकल्प के माध्यम से सघन प्रणाली से मांडिया की खेती को लेकर मंगलवार से शुरू दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बुधवार को संपन्न हो गया। शिविर में सुनारी, बिसिपाली व टांगरपाली गांव के कुल 40 किसानों ने भाग लिया। सुंदरगढ़ जिले के राजगांगपुर स्थित ओसीएल सीमेंट कंपनी के सेवानिवृत्त महाप्रबंधक देवेंद्र दीक्षित मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का उद्घाटन किया व जैविक विधि पर आधारित कीटनाशक औषधि के प्रयोग के बारे में किसानों को बताया। सहायक कृषि अधिकारी विद्याश्री त्रिपाठी ने भी मांडिया खेती पर जोर दिया।

बीईएम स्कूल के छात्र-छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

संसू, जागरण ● ब्रजराजनगर : स्वाधीनता दिवस को लेकर बुधवार को बेलपहाड़ के बीईएम स्कूल के एनसीसी व अन्य छात्र-छात्राओं ने तिरंगा यात्रा निकालकर नगरवासियों में देशभक्ति का जज्बा जगाने का प्रयास किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शारीरिक शिक्षा शिक्षक हमीद कुमार महापात्र ने किया। विद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार स्वाई, उपप्राचार्य विजय कुमार गौड़ समेत तृप्ति पटनायक, सुनंत कुमार पंडा, मनोज बिन्धानी, सिमरन सिंह, शांति नायक, कविता पटेल, अंजना राउत, संजुक्ता गर्तिया, अशोक राउत राय, शिक्षक-शिक्षिकाएं इस यात्रा में छात्र-छात्राओं के साथ शामिल हुए। सभी शिक्षक व बच्चे हाथों में तिरंगा लिए हुए व नगरवासियों को जागरूक करने के लिए भारत माता की जय, वंदे मातरम व झंडा ऊंचा रहे हमारा आदि नारे लगा रहे थे।

लाखों लोगों की अकल्पनीय पीड़ा की याद दिलाता है यह दिन : स्वांई

आरएसपी में मनाया गया विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाते आरएसपी के अधिकारी व कर्मचारी ● जागरण

जासं, राउरकेला : राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) ने देश के के साथ मिलकर बुधवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया। ताकि लाखों लोगों पर विभाजन के भयावह प्रभाव को स्मरण किया जा सके। इस अवसर पर राउरकेला हवाई अड्डे पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। निदेशक प्रभारी अतनु भौमिक के साथ कार्यपालक निदेशक (खान) आलोक वर्मा, सेल निगमित कार्यालय के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) बीएस पोपली ने प्रदर्शनी का दौरा और अवलोकन किया।

विभाजन विभीषिका को लेकर लगी प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतनु भौमिक ● जागरण

उल्लेखनीय है कि, प्रदर्शनी में देश के विभाजन से संबंधित तथ्य, आँकड़े, जानकारी और तस्वीरें प्रदर्शित की गई हैं। इससे पहले, दिन में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (नगर प्रशासन और सीएसआर) पीके स्वांई ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रभारी (एचआर-ईआर, सी, टी, एम, एचए और विभानतल) आर के वर्मा, महा प्रबंधक (जन संपर्क) तथा संचार मुख्य अर्चना शतपथी, आरएसपी, एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया, एलायंस एयर और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। स्वाईं ने अपने संबोधन में इस दिन के महत्व के बारे में बात की, जो विभाजन के दौरान लाखों लोगों की अकल्पनीय पीड़ा और सामाजिक विभाजन, वैमनस्य को दूर करने और एकता, सामाजिक सद्भाव और मानव सशक्तीकरण की भावना को और मजबूत करने की आवश्यकता की याद दिलाता है। आरके वर्मा ने सभा का स्वागत किया और कार्यक्रम का संचालन किया।

बीईएम स्कूल में मना विश्व हाथी दिवस

बीईएम विद्यालय में विश्व हाथी दिवस मनाते छात्र-छात्राएं ● जागरण

संसू, जागरण, ब्रजराजनगर : बेलपहाड़ के बीईएम विद्यालय के इको क्लब द्वारा विश्व हाथी दिवस मनाया गया। इको क्लब के प्रभारी शिक्षक हमीद महापात्र की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में छठें कक्षा के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। उपप्राचार्य विजय गौड़ ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व वरिष्ठ शिक्षक सुनंत पंडा सम्मानित अतिथि का दायित्व निभाते हुए हाथियों को प्रकृति प्रेमी बताते हुए उनके संरक्षण की आवश्यकता बताई। प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया व इसके विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्री का मोबाइल चोरी

जासं, राउरकेला : मौर्या ट्रेन के इंतजार में राजगांगपुर के एसबीएम कालोनी के आनंद साहु बुधवार को राउरकेला स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-1 में बैठा हुआ था। इसी दौरान किसी ने उसका मोबाइल चोरी कर फरार हो गया। आनंद ने बताया कि वह जीआरपी थाना में शिकायत दर्ज कराने जाने पर वहां उसे फटकार कर भगा दिया गया। आनंद साहु मौर्या एक्सप्रेस ट्रेन से बिहार के समस्तीपुर अपने गांव जाने के लिए घर से निकला था। आनंद ने बताया कि मौर्या ट्रेन विलंब होने के कारण वह राउरकेला स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-1 में स्टेशन मैनेजर कार्यालय के निकट ट्रेन का इंतजार कर रहा था। तभी यह घटना उसके साथ घटी।

भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
HAJ COMMITTEE OF INDIA
हज कमेटी ऑफ़ इंडिया
(संसद अधिनियम 2002 का क्रमांक-35 के अन्तर्गत गठित वैधानिक संस्था)

हज 2025 के हेतु उद्घोषणा

हज कमेटी ऑफ इंडिया इच्छुक यात्रियों से हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट http://hajcommittee.gov.in पर तथा आई फोन/अंड्रोईड मोबाईल ऐप 'हज सुविधा' पर उपलब्ध ऑनलाईन हज आवेदन पत्र के द्वारा आवेदन आमंत्रित करते हैं।

हज-2025 हेतु हज आवेदन पत्र उपरोक्त तरीकों द्वारा 13.08.2024 से 09.09.2024 को रात 11.59 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। आवेदकों से अनुरोध है की वे हज आवेदन पत्र भरने से पहले दिशानिर्देश / दर्शन पत्र ध्यान से पढ़ें। आवेदकों से अनुरोध है की आवेदन समाप्ति की तिथि से पूर्व जारी तथा 15.01.2026 तक वैध मशीन से पढ़ने योग्य भारतीय अंतरराष्ट्रीय पासपोर्ट अनिवार्य है।

(सियाकत अली आफरीन आईआरएस)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी, हज कमेटी ऑफ इंडिया

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
(पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
मुख्यालय: ए-13, सेक्टर-1, नोएडा-201 301
फोन: 0120-2544004, फैक्स: 0120-2524544 ई-मेल: vc.iwai@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी)

संदर्भ: आई.डब्लू.ए.आई./डब्लू.बी./एन.डब्लू.-1/14/12/2022

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आई.डब्लू.ए.आई.) ने 05.08.2024 को "राष्ट्रीय जलमार्ग-1 (गंगा नदी) में कठोर पदार्थों को हटाने सहित गाजीपुर-बाराणसी खंड (133 किमी) का फैयरवे रखरखाव हेतु" प्रतिष्ठित योग्य फर्मों से ई-निविदायें आमंत्रित की थीं।
ई-निविदा जमा करने की तिथि 29.08.2024 तक बढ़ा दी गई है।
संशोधन-2 के साथ अद्यतन निविदा दस्तावेज के लिए कृपया आईडब्लूएआई वेबसाइट "www.iwai.nic.in" और ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर जाएं।
दिनांक: 14.08.2024 उपाध्यक्ष एवं परियोजना निदेशक (वेटलैंड्स)

MCL महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
जयराम पैलेस, बुर्ला, पो.बा.नं.-63, जिला - सम्बलपुर, ओडिशा
दूरभाष (ऑफिस): 0663-2542661 से 469, वेबसाइट : http://www.mahanadicoal.in

सूचना

सामानों, कार्यों एवं सेवाओं के क्रय हेतु सीआईएल एवं इसकी सहायक कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित सहायक कंपनी (एमसीएल, www.mahanadicoal.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी ये क्रय उपलब्ध है।
R-5217

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान मोहाली
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
INDIAN INSTITUTE OF SCIENCE EDUCATION AND RESEARCH MOHALI
(Ministry of Education, Govt. of India)

विज्ञापन सं. भा.वि.शि.अ.सं.मो./गै. सं. (04)/अंशकालिक/2024-25 दिनांक: 15.08.2024

अंशकालिक आधार पर खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति के लिए प्रवेश साक्षात्कार

भा.वि.शि.अ.सं. मोहाली 13.09.2024 को दोपहर 03:00 बजे, अंशकालिक आधार पर विभिन्न खेलों के लिए 06 खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति के लिए प्रवेश साक्षात्कार आयोजित करेगा। आवश्यक शैक्षणिक योग्यता और अनुभव, नियुक्ति की शर्तें और नियम, प्रवेश साक्षात्कार का कार्यक्रम आदि के विवरण के लिए संस्थान की वेबसाइट www.iisermohali.ac.in देखें। पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र के साथ सभी संबंधित दस्तावेजों (मूल रूप में) और स्वयं-सत्यापित फोटोकॉपी आदि के एक सेट के साथ 13.09.2024 को दोपहर 03:00 बजे प्रवेश साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं।

कुलसचिव,
भा. वि. शि. अ. सं. मोहाली

झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

निविदा आमंत्रण सूचना
विज्ञप्ति संख्या - 33/2024

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि परिषद् को माध्यमिक, इंटरमीडिएट, मदरसा, शिक्षक प्रशिक्षण एवं मध्यमा परीक्षा 2025 हेतु परीक्षा एवं मूल्यांकन से संबंधित प्रपत्रों तथा कार्यालय से संबंधित विभिन्न सामग्रियों का मुद्रण किया जाना है। इस निमित्त इच्छुक पंजीकृत, अनुभवी एवं प्रतिष्ठित मुद्रणकर्ताओं से सीलबंद लिफाफा में दिनांक 19.09.2024 को 5:00 बजे अपराह्न तक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता मुहरबंद निविदा सचिव झारखण्ड अधिविद्य परिषद् ज्ञानदीप परिसर, नामकुम, ब्रम्पोली, राँची के पदनाम से परिषद् कार्यालय में जमा करेंगे। निविदा प्रपत्र परिषद् कार्यालय में कार्यालय अवधि में दिनांक 17.08.2024 से 19.09.2024 तक प्रत्येक कार्य दिवस को रु. 5000/- (पाँच हजार रूपये) मात्र का बैंक ड्राफ्ट का भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है, ड्राफ्ट "JAC FUND" के नाम से भुगतेय होगा। इस राशि को लौटाया नहीं जाएगा। निविदा दिनांक 20.09.2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे खोला जाएगा। निविदा खोलने के समय निविदादाता या उनके प्रतिनिधि भी उपस्थित रह सकते हैं।

निविदा प्रपत्र परिषद् के Website - www.jac.jharkhand.gov.in/jac/ पर उपलब्ध रहेगा। जो निविदादाता परिषद् के Website से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करेंगे, उन्हें रु. 5000/- (पाँच हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट निविदा प्रपत्र के तकनीकि बीड के साथ जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा उनके द्वारा प्रस्तुत निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। वित्तीय बीड एवं तकनीकि बीड को अलग-अलग मुहरबंद लिफाफे में रखे जाएँगे। उन लिफाफों पर अलग-अलग "वित्तीय निविदा" (Financial Bid) तथा "तकनीकि निविदा" (Technical Bid) अंकित रहना अनिवार्य होगा। सर्वप्रथम निविदा शर्तों की पूर्ति हेतु सभी निविदादाताओं के तकनीकि बीड के लिफाफे खोले जायेंगे। तकनीकि बीड समीक्षा के उपरान्त जो निविदादाता वांछित शर्तों की पूर्ति करेंगे उन्हीं का वित्तीय बीड का लिफाफा खोला जायेगा। कार्यों का ब्यौरा एवं शर्त तकनीकि बीड (Technical Bid) में एवं दर निर्धारण हेतु वित्तीय बीड (Financial Bid) निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है। बिना कारण बताए निविदा रद्द करने या एक से अधिक निविदादाताओं के बीच कार्य वितरण करने का अधिकार पूर्णरूपेण परिषद् को सुरक्षित रहेगा।

नोट:- भरे हुए निविदा प्रपत्र सीधे परिषद् में कार्यालय अवधि में ही जमा किये जायेंगे। अन्य किसी भी माध्यम से प्रेषित किये गये (डाक, रजिस्ट्री, कोरियर, E-mail, इत्यादि) निविदा प्रपत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

JAC/भंडार/3347/24/SECY/924/24
Dt.: 13.08.2024
D.O.P.: 14.08.2024

अध्यक्ष के आदेश से,
ह./- सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।



****